## सार.समाचार



### पुलिस ने फरार स्थायी वारंटी को पकड़ा

**पीपलरावां।** थाना अंतर्गत बालोन पुलिस चौकी प्रभारी हिमांशु पांडे ने 17 साल पुराने चोरी के प्रकरण में फरार स्थाई वारंटी महेंद्र पिता बलदेव गुर्जर निवासी देव धर्मराजपुरा को चाकू सहित गिरफ्तार किया गया है, जो विगत कई वर्षों से न्यायालय से जमानत के बाद से फरार था। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत भी कार्यवाही की गई है।

### माहेश्वरी सभा की बैठक 4 को

**सोनकच्छ।** अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के कार्यकारी मंडल सदस्य नरेंद्र कुमार छापरवाल ने बताया कि पश्चिमी मध्य प्रदेश प्रादेशिक माहेश्वरी सभा की बैठक राजगढ़ जिला माहेश्वरी सभा के आतिथ्य में 4 अगस्त 2024 रविवार को ब्यावरा जिला राजगढ़ में आयोजित की गई है। बैठक में परिचय सम्मेलन, व्यापार एवं औद्योगिक मेला लगाने, आंचलिक स्तर पर कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी।



### अपराध न करने हेतु बुलाई बैठक

**सोनकच्छ।** थाना सोनकच्छ क्षेत्र के ग्राम ओड डेरा और रोड डेरा के कंजरों ने स्यं आगे आकर अपराध न करने हेतु समिति बनाई और बैठक बुलाई। इस बैठक में एसडीओपी एवं सोनकच्छ थाना प्रभारी उपस्थित हुए।

# जल संचय भविष्य के लिए महत्वपूर्ण, इसके प्रयास करना चाहिए

## अमृत संचय अभियान को लेकर कलेक्टर गुप्ता सी.एम. राइज विद्यालय देवास में विद्यार्थियों के बीच पहुंचे

**सीएम राइज विद्यालय के नवीन भवन के निर्माण कार्य का निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण और समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश**

दबंग दुनिया ♦ देवास

देवास जिले में वर्षा जल के संचय के लिए चलाये जा रहे अमृत संचय अभियान के तहत कलेक्टर ऋषव गुप्ता सी.एम. राइज मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवास में विद्यार्थियों के बीच पहुंचे। कार्यक्रम में कलेक्टर गुप्ता ने विद्यार्थियों को जल संचय का महत्व बताया। कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि जल संचय हमारे भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है। और हमें इसके लिए प्रयास करना चाहिए। कलेक्टर गुप्ता ने विद्यार्थियों को बोरी बांध बनाने के तरीके भी बताए। कार्यक्रम के माध्यम से सीएम राइज स्कूल में जल संचय के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया है। कार्यक्रम विद्यार्थियों को जल संचय की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करेगा। कलेक्टर गुप्ता ने सीएम राइज विद्यालय के नवीन भवन के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान इंजीनियर एवं ठेकेदार को गुणवत्ता का ध्यान रखने तथा समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होने विद्यालय में कम्प्यूटर लैब और अटल लैब (रोबोटिक लैब) का निरीक्षण भी किया। कार्यक्रम में भू-जल वैज्ञानिक सुनील चतुर्वेदी ने विद्यार्थियों को जल संचय की आवश्यकता एवं उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने अपने दैनिक जीवन में जल संचय के तरीकों को अपनाने का आव्हान किया। कार्यक्रम का संचालन श्वेता काकडे ने किया तथा आभार प्राचार्य देवेन्द्र बंसल ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में श्रीकांत उपाध्याय, गंगासिंह सोलंकी, मोहन वर्मा, मनीष वैद्य, मनीषा सोनी, अरविन्द त्रिवेदी, विद्यालय का स्टॉफ उपस्थित था।



**दबंग दुनिया की खबर का असर**

# जेसीबी से अतिक्रमण हटाकर नाले के पानी की निकासी की

## पानी की निकासी नहीं होने से बच्चों को स्कूल जाने में आ रही थी परेशानी

दबंग दुनिया ♦ पीपलरावां

ग्राम पंचायत जोलाय में अतिक्रमण के कारण नाले के पानी की निकासी नहीं होने से स्कूल के गेट के पास बड़ी मात्रा में नाले का पानी जमा हो गया था। इस कारण बच्चों को नाले के पानी में से होकर स्कूल जाना पड़ता था। इस समस्या को लेकर दबंग दुनिया द्वारा बुधवार को 'ग्राम पंचायत जोलाय में स्कूल के गेट तक जमा हुआ नाले का पानी' शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया गया। साथ ही मामले से एसडीएम, तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार को अवगत कराया गया। समाचार प्रकाशित होते ही एसडीएम द्वारा जनपद सीईओ तथा नायब तहसीलदार को पानी की निकासी करने के निर्देश दिए गए। निर्देश प्राप्त होते ही पटवारी विरेंद्र सिंह ठाकुर, सरपंच लाखनसिंह देवड़ा, सचिव विक्रम सिंह नागर तथा रोजगार सहायक घनश्याम मालवीय द्वारा जेसीबी चलाकर अतिक्रमण को हटाया गया। इसके बाद नाले के पानी की निकासी शुरू हो गई।



# सतवास में मनाया गया रेंगा कोरकू जयंती उत्सव

दबंग दुनिया ♦ सतवास



नगर में रेवाशीष गार्डन में जनजाति समाज के निमाड़ क्षेत्र के सोनखेड़ी ग्राम में जन्मे क्रन्तिकारी रेंगा कोरकू की जन्म जयंती पर संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस संगोष्ठी में सतवास तहसील के सभी प्रमुख जनजाति व अन्य समाजों ने सहभागिता की। श्री रेंगा कोरकू, टंट्या मामा जी के समकालीन क्रन्तिकारी थे, जिन्होंने अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया था। कार्यक्रम की आयोजन समिति ने बताया कि स्वतंत्रता संग्राम में जनजाति समाज के योगदान को आधुनिक भारत में लिखे गए इतिहास में स्थान प्राप्त नहीं हो सका है, इसी कारण संपूर्ण भारतीय समाज को जनजाति समाज का राष्ट्र निर्माण में योगदान व जनजाति महापुरुषों के बलिदान से अवगत कराया जा सके, यही इस कार्यक्रम का उद्देश्य है। राष्ट्रपुरुष सिर्फ एक समाज के नहीं अपितु पूरे राष्ट्र की धरोहरें होती है, इस भाव को ध्यान में रखकर आयोजन समिति ने इस कार्यक्रम में सर्व समाज को आमंत्रित करा था। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा भारती के पूर्व प्रांतीय संगठन मंत्री व वर्तमान के जनजाति कार्य के प्रान्त संयोजक रूपसिंह नागर ने की व कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भी रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन व भारत माता तथा रेंगा कोरकू के पूजन व दीप प्रज्वल्लन से हुई। कार्यक्रम में मंच पर मुख्य वक्ता के साथ साथ खुशीलाल राठौड़ सिरालिया रेवातीर, संतोष काकड़िया मचवास, अर्जुन सिंह कर्मा सतवास, टिंकी बारेला पानीगांव, एसडीओ कन्नौद बारस्कर, गोंड समाज जिला अध्यक्ष रामदेव सरलाम, मेहंदुल के लक्ष्मण सिंह उइके, भेरू सिंह भोंसले देवास, नानू राम सोलंकी सिन्द्राणी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में गोला गुथान से सुजान सिंह भुसारिया, विक्रम महुड़िया, महेंद्र मर्सकुले, कांटाफोड़ से पोपेंद्र सिंह बग्गा, शोभाराम कर्मा, सुशिल टोटे, बागली से विनोद भार्गो, मुकेश वास्केल, निमासा से दिनेश कर्मा, सतवास पुनर्वास से अखिलेश सरपंच, टीपरास के रेवाराम सारण, उदयनगर से मुकेश भुसारिया, हजारीलाल देवड़ा, राजकुमार देवड़ा, पानकुआँ से कालू सिंह, उमेंन सिंह पटेल, जगदीश झाड़पे विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता नागर ने अपने उद्बोधन में कहा कि जनजाति समाज के शौर्य व वीरता की जानकारी आज समाज की मुख्यधारा में नहीं है। इसलिए आज आवश्यकता है की जनजाति महापुरुषों व परंपराओं का अध्ययन कर राष्ट्र को जनजाति समाज के गौरवशाली इतिहास से परिचित कराना और भारत वर्ष की संपूर्ण परंपराओं को सहेजना ताकी विश्व में शांति स्थापित हो सके। कार्यक्रम में जनजाति संस्कृति के दर्शन भी हुए जिसमें 2 जनजाति नृत्य की प्रस्तुति अजनास निमोरा ग्राम भगवान सिंह चौहान दल व कन्नौद के शासकीय महाविद्यालय के छात्रों के दल के द्वारा दी गई। साथ ही उंडेल के गजानंद भुसारिया व भगवान पटेल व उनके साथियों द्वारा लोक गीतों की प्रस्तुति के साथ साथ दंडा नृत्य भी प्रस्तुत करा गया। कार्यक्रम में करीब 300 संख्या उपस्थित रही। कार्यक्रम में प्रतिभावान विद्यार्थी व कला, खेल, सामाजिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 45 युवक, युवतियों को प्रशस्ति पत्र व रेंगा कोरकु के चित्रों से सम्मानित किया गया। संचालन निमासा इंद्रपुरी के पूर्व सरपंच हरिओम कर्मा ने किया। अतिथियों का परिचय रामबकस मर्सकुले ने कराया। कार्यक्रम की भूमिका अर्जुन सिंह कर्मा और खुशीलाल राठौर ने रखी । अंत में आभार संतोष देवड़ा ने माना।

## सोनकच्छ में श्रावण मास के उपलक्ष्य में चल रही श्रीमद् भागवत कथा

दबंग दुनिया ♦ सोनकच्छ

नगर चित्तौड़ा धर्मशाला सोनकच्छ में वृंदावन से पधारे आचार्य आकाश दुबे ने पंचम दिवस की कथा श्रवण कराया। उन्होंने कहा नंद बाबा ने धूमधाम से नंद उत्सव मनाया। ब्रज में 6 महीने तक नंद उत्सव मना। जब भगवान 6 दिन के थे, पूतना नाम की राक्षसी भगवान को करने के लिए और भगवान इतने दयालु है उसको भी मां की गति प्रदान की। उन्होंने माखन चोरी लीला सहित अनेक लीलाओं का वर्णन किया। अंत में कन्हैया के कहने पर बृजवासियों ने श्री गोवर्धन नाथ भगवान की परिक्रमा की पर 56 भोग का प्रसाद लगाया आरती के साथ कथा का विश्राम हुआ।

## मंदिर में विराजित शालिगरामजी का प्रतिमा मेरी ही है, बाकी सब भगवान का, ऐसे भाव रखें

दबंग दुनिया ♦ सतवास

प्रभु की आराधना से घर में रहने वाले सभी के हदय में परमात्मा के प्रति अनुराग, एक दूसरे के प्रति निःस्वार्थ प्रेम होने पर परमात्मा उस घर में ही निवास करते हैं। श्रीमद्जगदगुरू नागोरिया पीठाधिश्वर स्वामी श्रीविष्णुप्रपन्नाचार्यजी महाराज ने लोहारदा में झूलाउत्सव के दौरान अपने आशीष वचन में श्रद्धालुओं को भक्ति का पाठ समझाया। आचार्यश्री ने सुंदरकांड से महाकवि तुलसीदास की पंक्ति समझाते हुए कहा कि आंगन में तुलसीजी का पौधा, घर पर शंख-चक्र लगे हो। प्रातः पूजा के साथ वेदमंत्रों की आवाज गूंजे। आचार्य द्वारा गुरूदिक्षा का अनुभव तथा उनके उपदेशो का स्मरण जिस घर पर नित्य होते है वो ही श्रीवैष्णव के निवास की पहचान है। ऐसे मकानो में ही सकारात्मकता रहती है। जीवन का आनंद मिलता है। इस अवस्था में समस्त संसार की वस्तुए गौण हो जाती है। सुंदर प्रसंग से समझाते हुए कहा कि सभी कुछ भगवान का है। किंतु अपने मंदिर में विराजित बालस्वरूप में शालिगरामजी का चित्रपट, प्रतिमा मेरी है ऐसे भाव मन में हमेशा रहना चाहिए। परमपूज्य स्वामीजी सरकार ने समझाते हुए कहा जिस प्रकार जीवन का स्वप्न, लक्ष्य प्राप्त करने के पूर्व हम भगवान से निवेदन करते है और कार्य पूरा होने पर अपनी अभिलाषा कि आपकी कृपा से यह कार्य हुआ कहकर धन्यवाद ज्ञापित करना चाहिए। मनुष्य के गुणों के साथ घर की पवित्रता, यह दोनो से आदमी की पहचान होती है। आपके साथ हरिद्वार के युवराज स्वामी दिव्यांश वेदांती, अलीराजपूर के आचार्य शशिधराचार्यजी महाराज, मुख्य अर्चक बिहारी बाबा भी थे। किसनलाल मूंदडा, पंकज मूंदडा ने आचार्यश्री का 51 किलो की गुलाब पुष्पहार से स्वागत कर आशीर्वाद लिया। राधिका माहेश्वरी, शिव मीणा व तेलंगांना के भजन सम्राट गोविन्द करवा ने मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी। नर्मदाप्रसाद बाल्दी के निवास से पंडाल स्थल तक श्रीस्वामीजी सरकार को श्रद्धालुगण शोभायात्रा के साथ लाए। आयोजन का लाभ सतवास, कनौद, इंदौर, संदलपूर कांटाफोड के श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम का आनंद लिया।

# लापता बालक दूसरे दिन देवास से मिला

दबंग दुनिया ♦ सोनकच्छ

स्कूल में टीचर के द्वारा पढ़ाई नहीं करने पर डांट ने और घर पर पिता की मार के डर से घर से बिना बताए लापता हो गया था। बालक के लापता होने की गुमशुदगी पिता द्वारा सोनकच्छ थाने पर बुधवार को दर्ज कराई गई थी। समीपस्थ ग्राम दूधलाई में रहने वाले विकास नागर ने बुधवार को सोनकच्छ थाने पर आवेदन देते हुए बताया था कि उसका 15 वर्षीय बालक विकास नागर सुबह स्कूल के लिए घर से निकला था। स्कूल से वापस आकर गांव में घर के समीप एक टायर पंचर की दुकान पर अपना स्कूली बैग रखकर बिना किसी को बताए कहीं चला गया। मामले में थाना



प्रभारी श्यामचंद्र शर्मा ने लापता हुए युवक की संपूर्ण जानकारी लेकर सोशल मीडिया पर डालकर युवक की तलाश शुरू कर दी है। लापता युवक गुरुवार को कोतवाली पुलिस देवास को कोतवाली थाना क्षेत्र में कमजोर हालत में मिला, जिसे पुलिस ने पहले भोजन पानी करवाया और सोनकच्छ पुलिस को जानकारी दी गई। इस पर सोनकच्छ पुलिस बालक विकास को सोनकच्छ थाने पर लाई। विकास ने बताया कि स्कूल का होमवर्क पूरा नहीं किया था जिस पर टीचर ने डांटा था और घर पर पिता के द्वारा मारने के डर से वह घर से भाग गया था। पुलिस ने विकास के पिता को बुलाकर उनके सुपुर्द किया।

## मोरे लाई दो लहरियो भोलेनाथ महिनो आयो सावन को...



दबंग दुनिया ♦ करनावद

बुधवार को नगर स्थित प्राचीन कर्णेश्वर मंदिर परिसर में महिला मंडली ने खडी सप्ताजी आयोजित कर नगर की सुख समृद्धि की कामना और अच्छी वर्षा के लिए भजन कीर्तन किए। महिलाओं लगातार 24 घंटे तक भगवान भोलेनाथ के समक्ष ढोलक मंजीरा झांज के साथ मोरे लाई दो लहरियो भोलेनाथ महिनो आयो सावन को ..... पांव में घुंघरू हाथ में कंगना आए गजानन गोराजी के अंगना... जैसे भजन गाकर भगवान की प्रार्थना की। महिलाओं ने आरती पूजन कर समापन किया। इस कार्यक्रम नगर की महिलाओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया।

## 1008 बिल्व पत्रों से सहस्त्रार्चन

दबंग दुनिया ♦ सोनकच्छ

क्षेत्र की सुख-समृद्धि-शांति, सुवृष्टि तथा विश्व कल्याणार्थ सोनकच्छ की जीवनदायिनी मां कालीसिंध नदी के पावन तट पर स्थित श्री माँ धूमावती शक्तिपीठ श्री कोटेश्वर धाम कोटड़ा पर विराजित पाण्डवकालीन स्वयंभू शिवलिंग श्री कोटश्वर महादेव का सावन माह में प्रतिदिन रूद्राभिषेक किया जा रहा है। पीठ के संस्थापक दण्डी स्वामी श्री नित्यमुक्तानंद जी महाराज के मार्गदर्शन व पंडित नरेन्द्र जी पाण्डे के पांडित्व में संकल्पित यजमानों द्वारा लगातार 10 वें वर्ष भी चल रहे इस एक मासिक अनुष्ठान के अंतर्गत गुरुवार को सुबह 7 बजे से पं पाण्डे द्वारा वैदिक मंत्रोत्चार के साथ यजमानों से गणेश पूजन कर भगवान श्री कोटेश्वर महादेव का पंचामृत से अभिषेक कराकर पंचोपचार पूजन किया गया।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पुत्र का नाम **अयांश त्रिवेदी (AYAANSH TRIVEDI) पिता श्री मनीष त्रिवेदी (पुराना नाम)** है, जो कि, उसके सभी शासकीय अशासकीय दस्तावेजों में दर्ज है। भविष्य में मेरा पुत्र **अनघ त्रिवेदी (ANAGH TRIVEDI) पिता श्री मनीष त्रिवेदी (नया नाम)** के नाम से जाना व पहचाना जावें।

**अनघ त्रिवेदी (ANAGH TRIVEDI)**
**पिता श्री मनीष त्रिवेदी**
तर्फे पिता मनीष त्रिवेदी

**PRATAAP SNACKS LIMITED**

Registered and Corporate Office: Khasra No. 378/2, Nemawar Road, Near Makrand House, Indore, Madhya Pradesh, 452020, India
Tel: (91 731) 243 9999, Fax: (91 731) 243 7605, CIN: L15311MP2009PLC021746, Website : www.yellowdiamond.in
E-mail: complianceofficer@yellowdiamond.in

**EXTRACT OF UNAUDITED IND AS FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED 30TH JUNE 2024**

(INR in lakhs except as stated)

| PARTICULARS | QUARTER ENDED | | | YEAR ENDED |
|---|---|---|---|---|
| | 30.06.2024 Unaudited | 31.03.2024 Audited (Refer Note 3) | 30.06.2023 Unaudited | 31.03.2024 Audited |
| Total revenue from operations | 42,143.72 | 38,810.18 | 38,782.16 | 1,61,793.12 |
| Net profit for the period (before Tax, exceptional and/or extraordinary items) | 1,282.30 | 1,690.37 | 1,796.96 | 7,741.19 |
| Net profit for the period before tax (after exceptional and/or extraordinary items) | 1,282.30 | 1,690.37 | 1,701.05 | 7,645.28 |
| Net profit for the period after tax (after exceptional and/or extraordinary items) | 943.91 | 1,237.97 | 1,342.47 | 5,312.26 |
| Total comprehensive income for the period [comprising profit for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)] | 896.53 | 1,239.98 | 1,346.26 | 5,337.01 |
| Paid-up equity share capital - Face value INR 5 each | 1,193.67 | 1,193.67 | 1,192.97 | 1,193.67 |
| Other equity (as shown in the audited balance sheet of the previous year) | | | | 71,682.20 |
| Earnings per share of INR 5 each (Not Annualised) | | | | |
| Basic - INR | 3.95 | 5.19 | 5.63 | 22.26 |
| Diluted - INR | 3.95 | 5.17 | 5.63 | 22.22 |

**Notes :**

1 The above Ind AS financial results of the Company have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their respective meetings held on 1 August 2024.

2 The Company has determined 'Snacks Food' as a reportable segment as evaluated by the chief operating decision maker for allocation of resources and assessing the performance. There is no other reportable segment as per Ind AS 108 'Operating Segment'. Accordingly, no separate segment information has been provided.

3 The figures of the quarter ended 31 March 2024 are balancing figures between audited figures in respect of the full financial year ended 31 March 2024 and the unaudited published year-to-date figures upto 31 December 2023 which were subjected to limited review.

4 The above is an extract of the detailed format of Unaudited Ind AS Financial Results for the quarter ended 30 June 2024, filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI(Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of Unaudited Ind AS Financial Results for the quarter ended 30 June 2024 are available on the websites of the Stock Exchange(s) (www.nseindia.com and www.bseindia.com) and on the Company's website (www.yellowdiamond.in).

For **Prataap Snacks Limited**

**Place: Indore**
**Date: 01st August, 2024**

**Amit Kumat**
**Managing Director and Chief Executive Officer**

ANIL PUB.